शीतला सप्तमी पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर जिले में शुक्रवार को शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया।

होलिका दहन के सात दिन बाद शीतला सप्तमी का पूजन होता है। शहर के रंगनिवास चौकी के समीप स्थित शीतला सप्तमी के मौके पर भारी भीड

- **महिलाओं ने माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाया**

रही जहाँ सुबह 4 बजे ही महिलाए शीतला माता के पूजन के लिए पहुंच गई।महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर मंदिर में पूजा.अर्चना की।

उन्होंने परंपरागत रूप से तैयार किए गए ठंडे व्यंजनों का भोग माता को अर्पित किया। विशेष रूप से रांदा-पावा जैसे पारंपरिक व्यंजन भोग में शामिल थे। शीतला माता की पूजा का विशेष महत्व है। वैशाख, जेठ और आषाढ महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को शीतला अष्टमी का पूजन किया जाता है।

मान्यता है कि इन चार महीनों में व्रत रखने से शीतला से संबंधित बीमारियों से मुक्ति मिलती है। पूजा विधि में शीतल जल और ठंडे भोजन का भोग लगाना आवश्यक माना जाता है।

पीएमसीएच में देशभर के विशेषज्ञ कर रहे शिरकत, क्लीनिकल रिसर्च के उच्च मानकों पर चर्चा की

उदयपुर, (निसं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पीएमसीएच), उदयपुर के फार्माकोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री विभाग द्वारा गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस (जीसीपी) पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि एम्स जम्मू के अध्यक्ष डॉ. वाई. के. गुप्ता, विशिष्ट अतिथि पीजीआई चंडीगढ़ के डॉ. बिकास मेधी, पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एम. एम. मंगल, पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ. यू. एस. परिहार, फार्माकोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. बिपा मजूमदार, बायोकेमिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष एवं कार्यशाला चेयरमेन डॉ. नीता साही,रेडियोलॉजिस्ट डॉ.अपूर्व वोहरा एवं कार्यशाला के सचिव डॉ. रोहिताश यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एम. एम. मंगल ने कहा कि कार्यशालाएँ मेडिकल छात्रों और डॉक्टरों में क्लीनिकल शोध के प्रति रुचि बढाने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि क्लीनिकल रिसर्च और ट्रायल्स

पीएमसीएच में गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस पर कार्यशाला का आयोजन हुआ।

चिकित्सा जगत में नई खोजों का मार्ग प्रशस्त करते है। पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने कार्यशाला और जैव चिकित्सा अनुसंधान प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला चिकित्सा क्षेत्र में शोध को एक नई दिशा देने में सहायक होगी और डॉक्टरों को नैदानिक परीक्षणों के बेहतर मानकों से अवगत कराएगी।

आयोजन सचिव डॉ. रोहिताश यादव ने बताया कि कार्यशाला 22 मार्च तक चलेगी, जिसमें देशभर के लगभग 250 से अधिक डॉक्टर और शोधार्थी भाग ले रहे हैं। कार्यशाला में देशभर के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञ एम्स, जम्मू से डॉ.वाई.के.गुप्ता, पीजीआई, चंडीगढ के डॉ.बिकास मेधी, डॉ. आशीष कक्कर, एम्स, दिल्ली की डॉ. जागृति भाटिया, एम्स, कल्याणी से डॉ.अर्कपाल, एम्स, नागपुर से डॉ. वारिध कटियार और डॉ. खुशबू बिष्ट ने गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस(जीसीपी) के सिद्धांतों,नैतिक विचारों,नियामक आवश्यकताओं और रोगी सुरक्षा और डेटा अखंडता को सबसे आगे रखते हुए नैदानिक परीक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इन विशेषज्ञों ने गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस (जीसीपी) के महत्व, नैदानिक परीक्षणों के नैतिक पहलुओं, नियामक आवश्यकताओं और रोगी सुरक्षा से संबंधित विषयों पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। एम्स जम्मू के डॉ. वाई. के. गुप्ता ने नैदानिक परीक्षणों के दौरान अनुसंधान की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के अनुपालन पर जोर दिया। एम्स दिल्ली की डॉ. जागृति भाटिया ने बताया कि गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस चिकित्सा अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मजबूत करता है। कार्यशाला के दौरान प्रमुख रूप से डॉ. झलक पटेल, डॉ. गरिमा बंसल, डॉ.मुर्तु बोहरा, डॉ. मुकुल शर्मा, डॉ. सोनिया राणा, डॉ. जिगर चोटालिया, डॉ. शेफाली मेहता और डॉ. नेहा सक्सेना आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

बीस हजार के इनामी को पकड़ा

जयपुर (निसं)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने ने कार्रवाई करते हुए प्रतापगढ़ जिले से बीस हजार रूपये के इनामी दिनेश बाबल निवासी कल्याणपुर जिला बालोतरा को जोधपुर के चौपासनी थाना क्षेत्र से पकड प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादडी थाना पुलिस को सौंप दिया है। इस मामले में पुलिस को करीब 2 साल से आरोपी की तलाश थी।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि 24 मार्च 2023 को प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादडी पुलिस कारूण्डा चौराहे पर नाकाबंदी कर रही थी। तभी तेज गति से आ रही दो स्कॉर्पियो में सवार बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए नाकाबंदी तोड भागने लगे। करीब 1 किलोमीटर आगे सामने से एक ट्रक आने पर बदमाशों की गाडी एक होटल की दीवार से टकरा गई। एक स्कॉर्पियो से दो व्यक्ति उतरकर खेतों में भाग गए। दूसरी स्कॉर्पियो से निकल चालक व उसके साथी ने पुलिस पर फायर कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई कर दोनों बदमाशों गिरधारी राम निवासी बाडमेर और उसके साथी रमेश कुमार विश्नोई निवासी जोधपुर के पैर में गोली मार दबोच लिया। पुलिस ने दोनों स्कॉर्पियो से 33 कट्टों में भरा 803 किलो डोडा चूरा, 20 किलो अफीम, दो पिस्टल व एक कारतूस जप्त किये थे। इस मामले में फरार आरोपी दिनेश बाबल की गिरफ्तारी पर आईजी रेंज बांसवाड़ा द्वारा 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। टीम को सूचना मिली कि मादक पदार्थ तस्करी के दौरान प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादडी पुलिस पर फायरिंग मामले में वांछित बीस हजार रूपये का इनामी दिनेश बाबल जोधपुर व आसपास के क्षेत्र में छुपकर फरारी काट रहा है।

सूचना को डवलप किया गया। आसूचना व तकनीकी सहायता से टीम ने जोधपुर के चौपासनी थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी इनामी बदमाश दिनेश बाबल को दबोच लिया। जिसे बाद में छोटी सादडी थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी जोधपुर के थाना शास्त्री नगर व डांगियावास में आपराधिक प्रकरण दर्ज है। इस संपूर्ण कार्रवाई में एजीटीएफ के एएसआई दुष्यंत सिंह, हेड कांस्टेबल शाहिद अली, राकेश, कांस्टेबल रविंद्र सिंह व महेंद्र सिंह की विशेष भूमिका तथा कांस्टेबल संजय का सराहनीय सहयोग रहा।

चिकित्सा शिविर 24 मार्च से

उदयपुर, (निसं)। आयुर्वेद विभाग के राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार में 24 से 28 मार्च तक का आयोजित होगा। शिविर प्रभारी एवं वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. शोभालाल औदिच्य ने बताया कि शिविर का शुभारंभ नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश एवं उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग उदयपुर डॉ राजीव भट्ट करेंगे। शिविर के अंतिम दिन विशेष अग्निकर्म चिकित्सा शिविर होगा, जिसमें सभी प्रकार के जटिल रोगों का उपचार किया जाएगा। शिविर का समय प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।

आपातकाल के काले दौर को पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाए : ताराचंद जैन

उदयपुर, (निसं)। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने विधानसभा में कहा कि आपातकाल को राजस्थान में पाठ्यक्रमों में लागू किया जाना चाहिए ताकी राजस्थान के विद्यार्थियों को भी आपातकाल के काले दिनों के बारे में पता चल सकें। इसके साथ ही विधायक जैन ने उस समय जेल में रहे लोगों अन्य सुविधाएं भी देने की मांग की है।

विधायक ताराचंद जैन शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा में राजस्थान लोकतंत्र सैनानी सम्मान विधेयक पर अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान विधायक जैन ने आपातकाल पर बात रखते हुए कहा कि आपातकाल के दौर में लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए थे और पुलिस जो भी सरकार का विरोध कर रही थी उन्हें बिना बताएं गिरफ्तार कर रही थी। विधायक जैन ने कहा कि उस दौर में सरकार ने उन्हें भी गिरफ्तार किया था और एक बाल स्वयं सेवक भारत मथुरिया को भी गिरफ्तार किया था, जिसके साथ भी इतनी मारपीट की कि वह बहरा हो गया था। विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि पूर्ववती वसुन्धरा राजे सरकार ने सम्मान निधि की घोषणा की थी, जिसे कांग्रेस सरकार ने आते ही बंद कर दिया, जिसे पुनः शुरू किया जाए। इसके साथ ही शहर विधायक ताराचंद जैन ने सरकार से मांग की है कि आपातकाल के उस काले दौर को पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाए ताकी प्रदेश के विद्यार्थियों को पता चल सकें कि आपातकाल क्यों लगाया और उस दौर में लोगों के साथ किस तरह का व्यवहार किया गया। इसके साथ ही जैन ने कहा कि सरकार ने लोकतंत्र सैनानियों को टोल में छूट दी थी, जिसे कांग्रेस सरकार ने बंद कर दिया उसे पुनःलागू किया जाए। जैन ने मांग की है कि जो इस आंदोलन में कम समय में भी जेल में रहे थे उन्हें यह सम्मान नहीं मिल रहा है और उनकी फाईलें अटकी पडी है, उन्हें भी यह सम्मान मिलना चाहिए। जैन ने मांग की है कि लोकतंत्र सैनानियों को 15 अगस्त और 26 जनवरी पर आयोजित होने वाले समारोह में बुलाया जाए और लोकतंत्र सैनानियों को स्वतंत्रता सैनानियों की तरह सम्मान दिया जाए।

मुस्लिम महासभा का रोजा इफ्तार

उदयपुर में मुस्लिम महासभा का अंबावगढ़ स्थित गंज शहीदा दरगाह पर रोजा इफ्तार कार्यक्रम हुआ।

उदयपुर, (निसं)। मुस्लिम महासभा उदयपुर टीम की जानिब से 20वें रोजा फतेह मक्का के मुबारक दिन पर गंजे शहिदा अंबावगढ़ दरगाह परिसर में रोजा अफतारी कार्यक्रम हुआ।

रोजा अफतारी से पांच मिनिट पहले अंबावगढ़ दरगाह मस्जिद के इमाम जनाब बुलबुल साहब ने पूरी दुनिया ओर हमारे मुल्क के लिए अमनो अमान व मुल्क की तरक्की के लिए खास दुआ की।

इफ्तार कार्यक्रम में मुस्लिम महासभा की राष्ट्रीय प्रमुख फरहीन युनुस शेख, राष्ट्रीय सह सचिव जाफर फौजदार, प्रदेशकार्य समिति अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन, सहित सहर के कई सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (निसं)। युवती ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म करने का प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी जितेश पुत्र सुरेश दास वैष्णव निवासी रानी का वाड़ा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी से संपर्क होने पर नजदीकिया बढ गई थी। इस दौरान शादी करने की सहमती बनने पर4 दिसंबर 2024 को आरोपी ने मेरे साथ दुष्कर्म किया तथा कुछ समय बाद शादी कनरने से इनकार कर दिया। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच ओगणा थानाधिकारी रामावतर को सौंपी है।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक : F7 (12)PLAN/LANDUSE/2024-25/516 दिनांक : 21/3/2025

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम मे सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद / व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध मे प्रदत्त आदेशों / परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. स.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री महेन्द्र माण्डावत पिता श्री किशनलाल माण्डावत	भुवाणा	1088	4960.00 वर्गफीट	महाप्रज्ञ विहार से मेवाड हॉस्पिटल को जाने वाली प्रस्तावित 80 फीट सडक पर मेडीजोन क्लिनिक एण्ड डेकेयर के समीप स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी

सचिव,उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

स्वच्छता कार्यक्रम को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ देना चाहिए : के.के. गुप्ता

उदयपुर, (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार प्रदेश समन्वयक और नगर निकाय झुंझुनू, बांसवाडा तथा उदयपुर के न्याय मित्र के के गुप्ता ने सुझाव दिया है कि स्वच्छता कार्यऋम को आयुष्मान भारत योजना से जोड देना चाहिए ताकि स्वच्छता लागू होने से आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य योजना पर प्रति वर्ष होने वाली 3,500 करोड रुपये की धनराशि की बचत की जा सके।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में अकेली भारत सरकार प्रतिवर्ष 2,500 करोड रु खर्च करती है और शेष राशि राज्य सरकारों द्वारा व्यय की जाती है। उन्होंने सुझाव दिया कि स्वच्छता का पालन नहीं करने वालों पर अर्थ दण्ड लगा कर इस राशि की वसूली की जा सकती है।गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता से देश में बडे पैमाने पर स्वच्छ भारत अभियान संचालित हुआ और इन्दौर एवं डूंगरपुर जैसे शहरों ने स्वच्छता के क्षेत्र में देश दुनिया में आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किए। इसके बावजूद आज भी देश के कई हिस्सों में स्वच्छता नहीं अपनाए जाने से और चारों तरफ गंदगी और कचरे का ढेर होने से होने विभिन्न बीमारियों से जनता परेशान है। गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के शहरी और ग्रामीण अभियान से जुडे प्रत्येक अधिकारी तथा कर्मचारी को प्रधानमंत्री की भावनाओं के अनुरूप पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए स्वच्छता पर धरातल पर उतरने का काम करना होगा ताकि देश की जनता द्वारा टैक्स के रूप में जमा किया गया पैसा जो सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं से बीमारियों पर खर्च हो रहा है वह नहीं करना होगा तथा स्वच्छता और सुंदरता

के.के. गुप्ता

की बदौलत देश का प्रत्येक नागरिक स्वतः ही मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेगा। गुप्ता ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सबसे पहले 100 फीसदी घरों से गिला और सूखा अलग-अलग कचरा उठाना पडेगा। इसमें ध्यान देने वाली बात यह है कि इसकी मॉनिटरिंग जीपीएस के माध्यम से सुनिश्चित की जाए तथा कचरा उठाने का कार्य 365 दिन किया जाए। अगर हर घर से कचरा उठने लग जाएगा तो लोग सडकों पर खुले में कचरा नहीं डालेंगे, फिर भी कोई कचरा डालता है तो हमें एक स्कीम को लॉन्च करना होगा जिसमें एक मोबाइल का नंबर देना होगा जिसमें व्हाट्सएप की सुविधा हो जिसके तहत कोई भी खुले में कचरा डालने वाले का फोटो डालेगा उसे ढाई सौ रुपया इनाम तत्काल दिया जाएगा तथा जो कचरा डालेगा उसे 500 रुपए दंड लिया जाएगा, तब यह कार्य 100 प्रतिशत सफल होगा।

गुप्ता ने इंदौर, सूरत और डूंगरपुर की तरह रात्रि कालीन सफाई की व्यवस्था नियमित कराने का सुझाव दिया। साथ ही कमर्शियल एरिया में यह सुविधा नियमित रूप लागू कराने की राय दी। दिन में कर्मचारी ट्रैफिक की वजह से सफाई नहीं कर सकता, रात्रि में यह सफाई आसानी से हो सकती तथा जो भी व्यापारी रात्रि में खुले में कचरा डालें उसे पर दंडनात्मक करवाई कार्रवाई होनी चाहिए। सभी व्यापारियों का कचरा शाम को नियमित रूप से उठाने की व्यवस्था भी निगम को करनी चाहिए इससे रात्रि में दुकानों के ताले भी नहीं टूटेंगे और हमारा काम भी आसानी से होगा। उन्होंने झीलों की सुंदरता और स्वच्छता बनाए रखने के लिए नए नवाचारों की आवश्यकता पर जोर दिया। इसमें हमें उन मछलियों को डालना चाहिए जो मछलियां गंदगी को खाती है तथा बत्तख को भी हम झीलों में छोड सकते हैं जो काई को खा जाती है तथा जिले स्वच्छ रहती है तथा गंदगी डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई एवं दंडनात्मक कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

राजस्थान सरकार

कार्यालय चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओगणा

राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी ओगणा

ब्लॉक - झाड़ोल (फ.), उदयपुर

Email:phc_ogna@ yahoo.com

क्रमांक : Nhm/Accounts/2024-25/58 दिनांक:- 21/03/2025

खुली निविदा सूचना

इस कार्यालय के अधीन संचालित विभिन्न योजनाओ के संचालन हेतु जॉब बेसिस एवं संवेदक के माध्यम से सेवाओं के लिए उपापन हेतु मोहर बंद निविदाए आमंत्रित की जानी है इच्छुक व्यक्ति /फर्म निर्धारित शुल्क में निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में दिनांक 21.03.2025 को प्रातः 10.00 बजे से प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र दिनांक 31.03.2025 को अपरान्त 12.00 बजे तक जमा की जावेगी तथा दिनांक 31.03.2025 को अपरान्त 1.00 बजे उपस्थित निवदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष समिति द्वारा खोली जावेगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	5% धरोहर राशि	निविदा शुल्क
1.	24x7 साफ सफाई	3,60,000/-	बोली प्रतिभूति वित विभाग के आदेश एफ 2 (1) वित्त/जीएण्डटी एसपीए, फसी/2017 जयपुर दिनांक 23.12.2020 के क्रम 50/- रूपये के स्टाम्प पर घोषणा पत्र	200/-

शर्ते :-अन्य शर्ते एवं विस्तृत जानकारी निविदा फर्म के अथवा कार्यालय समय में जाकर देखी जा सकती है।

1. कार्य की अवधि 31.03.2026 के लिए होगी। किन्तु विभाग के निर्देशानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।
2. निविदा शर्तो की पालना करनी होगी एवं निविदा के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने होगें।
3. अंतिम निर्णय का अधिकार सदस्य सचिव राज.मेडि.रिलिफ सोसायटी का होगा।
4. विभागीय स्वीकृति के अनुसार कार्मिकों की संख्या कम या अधिक करने का अधिकार सदस्य सचिव राज.मेडि.रिलिफ सोसायटी ओगणा का होगा।
5. निविदा प्रपत्र दिनांक 21.03.2025 से विक्रय किये जावेंगे।

चिकित्सा अधिकारी प्रभारी
सामु. स्वा. केन्द्र, ओगणा
झाड़ोल (फ.) जि-उदयपुर (राज.)

कार्यालय उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल,वृत,उदयपुर

(RHB Office Building पारस तिराहा सेक्टर-11, उदयपुर-313001)
Email-DHCUDPR_RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांकः-उप.आ.आ./वृत-उदय/24-25/1223 दिनांक:-19.3.2025

-: जाहिर आम सूचना (दौहरा रजिस्ट्री नामान्तरण) :-

आवास संख्या 1/254 आयवर्ग LIG माप 85.80 वर्ग मीटर योजना भुवाणा आवासीय योजना शहर उदयपुर का श्री शिव कुमार यादव पुत्र श्री राधा यादव को आवंटन पत्र क्रमांक 880 दिनांक 29.06.2007 को जारी कर दिनांक 03.08.2007 को कब्जा दिया गया। उक्त आवास का अदेय प्रमाण-पत्र क्रमांक 578 दिनांक 16.05.2012, श्री शिव कुमार यादव पुत्र श्री राधा यादव को जारी किया गया। उक्त आवास का प्रथम पंजीयन दिनांक 29.06.2012 द्वारा श्री शिव कुमार यादव पुत्र श्री राधा यादव के पक्ष में निष्पादित करवाया गया।

पंजीयन उपरान्त श्री शिव कुमार यादव पुत्र श्री राधा यादव ने उक्त आवास का बैचान विक्रय पत्र (पंजीयन) द्वारा दिनांक 29.06.2012 को श्री परमेश्वर लाल रेगर पुत्र श्री पूरणमल रेगर को किया गया। कार्यालय द्वारा पत्रांक 2892 दिनांक 10.10.2012 द्वारा परमेश्वर लाल रेगर पुत्र श्री पूरणमल रेगर को नाम हस्तान्तरण कार्यालय आदेश जारी किया गया। ततपश्चात परमेश्वर लाल रेगर पुत्र श्री पूरणमल रेगर ने उक्त आवास का बैचान विक्रय पत्र (पंजीयन) द्वारा दिनांक 02.03.2015 को श्री प्रकाश मौर्च पुत्र स्व. श्री नारायण दासको किया गया। कार्यालय पत्रांक 3052 दिनांक 15.05.2015 द्वारा श्री प्रकाश मौर्च पुत्र स्व.श्री नारायण दास को नाम हस्तान्तण कार्यालय आदेश जारी किया गया। श्री प्रकाश मौर्च पुत्र स्व.श्री नारायण दास ने पुनःउक्त आवास का बैचान विक्रय-पत्र (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 24.05.2024 को श्री ललित नागदा पुत्र श्री हीरालाल जी एवं श्री भावेश नागदा पुत्र श्री हीरालाल जी को संयुक्त रूप से किया गया। श्री ललित नागदा पुत्र श्री हीरालाल जी एवं श्री भावेश नागदा पुत्र श्री हीरालाल जी ने प्रार्थना पत्र एवं आवश्यक प्रपत्र, विक्रय पत्र (पंजीकृत) मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है किउक्त आवास को संयुक्त रूप से उनके नाम कर प्रतिस्थापन कर दिया जावें।

अतः इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10, दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या 1/254, भुवाणा आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्री ललित नागदा पुत्र श्री हीरालालजी एवं श्री भावेश नागदा पुत्र श्री हीरालाल जी के पक्ष नें हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-उदयपुर

हिन्दुस्तान जिंक ने 2024 में 1800 करोड़ लीटर से अधिक मात्रा में पानी को रीसाइकल किया

उदयपुर, (निसं)। वर्ल्ड वाटर डे के अवसर पर, भारत की सबसे बडी और विष्व की दूसरी सबसे बडी एकीकृत जिंक उत्पादक हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 24 में 1800 करोड लीटर से अधिक मात्रा में पानी के रीसाइकल की घोषणा की है, जो राजस्थान में लगभग 1 लाख घरों के वार्षिक जल उपयोग के बराबर है। भारत के सबसे अधिक जल संकट वाले क्षेत्रों में से एक राजस्थान में परिचालन करते हुए, हिन्दुस्तान जिंक सस्टेनेबल वाटर मैनेजमेंट के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है, जिसने 2.41 गुना वाटर पॉजिटिव एवं जीरो लिक्विड डिस्चार्ज कंपनी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। कंपनी ने जीरो लिक्विड डिस्चार्ज दृष्टिकोण को बनाए रखा है जो यह सुनिश्चित करता है कि प्रक्रिया जल और अपशिष्ट का उपचार, रीसाइकल और पुनः उपयोग किया जाए, जिससे लिक्विड डिस्चार्ज को समाप्त करते हुए शुद्ध जल पर निर्भरता काफी कम हो जाती है।

विश्व की सबसे सस्टेनेबल मेटल और माइनिंग कंपनी के रूप में, हिन्दुस्तान जिंक का जल संरक्षण के प्रति दृष्टिकोण परिचालन और समुदाय के नेतृत्व वाली जल प्रबंधन पहलों को शामिल करता है। विश्व जल दिवस से पहले, हिंदुस्तान जिंक ने राजस्थान के विभिन्न जिलों में परिचालन और सामुदायिक स्तर पर चल रही प्रमुख जल प्रबंधन पहलों का अनावरण किया। कंपनी द्वारा आने वाले सप्ताह में दुनिया के सबसे बड़े भूमिगत जिंक खनन परिचालन के केंद्र, रामपुरा आगुचा में 4,000 किलोलीटर प्रति दिन (केएलडी) जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट का उद्घाटन की योजना है। जिंक स्मेल्टर देबारी, दरीबा स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स, चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर और जावर ग्रुप ऑफ माइंस में मौजूदा जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट के साथ यह नई सुविधा जिम्मेदार जल प्रबंधन के कंपनी के विजन को और आगे बढ़ाती है। वर्ल्ड वाटर डे के अवसर पर हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा कि, हिंदुस्तान जिंक में, हम मानते हैं कि पानी सस्टेनेबल भविष्य की नींव है। हमारा जल प्रबंधन दृष्टिकोण परिचालन दक्षता से परे समुदायों और उद्योगों दोनों के लिए दीर्घकालिक जल सुरक्षा को सुनिश्चित करता है। 2.41 गुना जल-सकारात्मक कंपनी के रूप में, हम सक्रिय रूप से जल संसाधनों को बढ़ाने और सुदृढ़ीकरण कर रहे हैं। हमारी रणनीति के मूल में स्थायी जल प्रबंधन को शामिल कर, हम औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को निभाते हुए एक साथ सस्टेनेबल विकास की ओर अग्रसर है। अपनी परिचालन प्रतिबद्धताओं के साथ ही हिन्दुस्तान जिंक ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज को बढ़ाने और ग्रामीण जल पहुंच में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर सामुदायिक जल पहल कर रहा है।

यह परियोजना गांवों के आसपास की जैव विविधता को पुनर्जीवित करेगी, पानी की उपलब्धता बढ़ाएगी और लगभग 25,000 लोगों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगी। राजसमंद जिले में, कंपनी ने 4 गांवों में 4 तालाबों के लिए तालाब गहरीकरण कार्य शुरू किया है, जिससे इन तालाबों की सामूहिक क्षमता 55,000 एम 3 या 550 लाख लीटर बढ़कर 10,000 से अधिक लोग लाभान्वित हो रहे हैं। अगले वित्तीय वर्ष में इस पहल को दो और तालाबों तक विस्तारित करने की योजना है। चंदेरिया में, हिन्दुस्तान जिंक ने एक लिफ्ट सिंचाई योजना शुरू की, जिससे 100 से अधिक किसानों को लाभ हुआ है।

राजस्थान सरकार

कार्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नवानियां, खण्ड-वल्लभनगर, उदयपुर (राज.)

Email: phc_navaniya@yahoo.com

क्रमांक:- संस्था/खुली निविदा/2024-25/39 दिनांक: 21.03.2025

-: खुली निविदा सूचना :-

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवानियां जिला उदयपुर पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये एम.एन.जे.वाई एवं एम.एन.डी.वाई हेतु निम्नांकित मानव संसाधन आपूर्ति हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र में संवेदको/सेवा प्रदाता ऐजेन्सी से निम्नानुसार लिफाफा बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा के नियम एवं शर्ते, विवरण निविदा प्रपत्र में अंकित है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस के कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

क्र. स.	निविदा कार्य विवरण	अनुमानित राशि (रू.)	अमानत राशि (रू.)	निविदा शुल्क (रू.)	निविदा प्रपत्र बेचने की दिनांक व समय		निविदा प्रपत्र जमा करने की दिनांक व समय		निविदा प्रपत्र खोलने की दिनांक एवं समय	
					दिनांक	समय	दिनांक	समय	दिनांक	समय
01	मावन संसाधन 1. (मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना) लेब टेक्रिशियन) (संविदा पद 1 2. (मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना) कम्प्युटर ऑपरेटर (संविदा) मेन विद मशीन पद 1	350000	7000	400	21.03.2025 से 27.03.2025	10:00 am से 1:00 pm	27.03.2025	2:00 pm	28.03.2025	1:00 pm

नोटः- 1.धरोहर राशि बैंकर्स चैक/डीडी द्वारा राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नवानियां के नाम से देय होगी।
2.निविदा निहित प्रारूप में प्रस्तुत की जावेगी जिन्हें इस कार्यालय से नकद भुगतान कर प्राप्त किया की जा सकती है।
3.कार्य की विस्तृत जानकारी एवं शर्ते कार्यालय समय पर कार्यालय में देखी जा सकती है।
4.समिति न्युनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है एवं पूर्ण निविदा को एवं निविदा के किसी भाग को बिना कारण बताये स्वीकार/ अस्वीकार करने का अधिकार सोसायटी के पास सुरक्षित होगा।
5.राजस्थार सरकार द्वारा जारी एवं प्राप्त दिशा निर्देश लागु किये जायेंगे जो कि मान्य होंगे।
6.वित्तिय वर्ष 2025-26 में सेवा सन्तोषजनक पाये जाने पर वित्तिय वर्ष 2026-27 में निविदा अवधि में वृद्धि कि जा सकती है।

अध्यक्ष सदस्य सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवानियां, उदयपुर